## खबर संक्षेप

### मुख्य रेलवे स्टेशन में होगा रीवा पुणे रीवा नई ट्रेन का स्वागत

**कटनी।** भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा रीवा- पुणे- रीवा नई साप्ताहिक सुपरफास्ट ट्रेन का कटनी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार रेलवे के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। कटनी कटनी को रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, क्षेत्रीय सांसद विष्णुदत शर्मा के मार्गदर्शन में उल्लेखनीय रेल उपलब्धि प्राप्त हुई है। रीवा से पुणे के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट ट्रेन आज 3 अगस्त से प्रारंभ होगी। यह रेलगाड़ी रीवा से चलकर दोपहर करीब 01 बजे कटनी पहुंचेगी। इस नवीन ट्रेन की मुख्य रेलवे स्टेशन में जोरदार आवगानी तथा यात्रियों का स्वागत किया जाएगा। इस स्वागत के अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, जिला प्रभारी संजय साहू, विधायकगण संजय सत्येंद्र पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे, धीरेंद्र सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक की उपस्थिति में भाजपाजन उपस्थित रहेंगे।

### वसूली कर रहा था आरक्षक, एसपी ने किया निलंबित

**स्लीमनाबाद।** थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध वसूली में लिप्त आरक्षक को स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से आरक्षक को सस्पेंड कर दिया है। एसपी विश्वकर्मा ने बताया कि स्लीमनाबाद थाने में पदस्थ आरक्षक दुर्गेश विश्वकर्मा की शिकायत प्राप्त हुई थी कि रात को एफआरवी वाहन से हाइवे में जाकर वाहन चालकों से जांच के नाम पर अवैध वसूली कर रहा था। गंभीर स्तर की शिकायत होने पर आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है व मामले की जांच शुरू कराई गई है। एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी शहरी क्षेत्र में गश्त के बाद स्लीमनाबाद लौट रहीं थीं। वहां पर भी गश्त कर रहीं थीं। रास्ते में देखा कि एफआरवी वाहन खड़ा है। उन्होंने अपने वाहन की लाइटें बंद कर दी और पास में जाकर देखा तो आरक्षक वाहन चालकों से वसूली कर रहा था। इसकी जानकारी एसपी को दी, जिस पर एसपी ने कार्रवाई करते हुए आरक्षक को निलंबित कर दिया। एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने कहा कि इस तरह की गड़बड़ी की शिकायतें और भी सामने आई हैं। नजर रखी जा रही है, कार्यवाही की जाएगी।

### 827 पाव देशी शराब जब्त, चार गिरफ्तार

**कटनी।** ई रिक्शा से शराब का अवैध परिवहन करते एनकेजे पुलिस ने 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 827 पाव अवैध शराब भी जब्त की गई है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं एएसपी व सीएसपी के मार्गदर्शन में की गई है। थाना प्रभारी एसआई अनिल यादव ने बताया कि शनिवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दो ई-रिक्शा आटो मे अवैध रुप से शराब परिवहन करने हेतु बडवारा तरफ से आ रहे है। मुखबिर के बताए गए हुलिये के आटो को आता देखकर सन्यासी बाबा मंदिर रपटा पुल के पास मैन रोड मे उपस्थित हमराही स्टाफ की मदद से रोककर दोनो आटो को रोककर चैक किया जो पहले आटो मे ड्रायवर सीट के नीचे ,पीछे वाली सीट के नीचे एवं पीछे वाली सीट के बीच पैरदान मे 477 पाव अवैध शराब एवं दूसरे आटो की सबसे पीछे वाली सीट के पीछे खाली जगह मे 350 पाव अवैध शराब पाई गई जप्तशुदा कुल शराब कीमती करीबन 77,000 रुपये है। दोनो आटो के चालको एवं सवारो के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अलग अलग 02 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। पकड़े गए आरोपितों में सत्यम पटैल निवासी बस स्टैंड, सौरभ गुप्ता निवासी आधारकाप, विकाश उर्फ कल्लू निषाद निवासी निमिया मोहल्ला एवं रोहित बर्मन निवासी नईबस्ती शामिल है।

### जिले में 23 अगस्त को प्रस्तावित माइनिंग कॉन्क्लेव की तैयारियों का प्रमुख सचिव खनिज संसाधन ने लिया जायजा

# औद्योगिक गतिविधियों के लिए जिले में अपार संभावनाएं

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में में आयोजित कान्क्लेव में शामिल होंगे देश भर के नामचीन उद्योगपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले की समृद्ध खनिज संपदा के खनन क्षेत्र में निवेश संवर्धन और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर खनिज संसाधनों के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कटनी जिले में 23 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में माइनिंग कानक्ले का आयोजन प्रस्तातवित है। इसके मद्देनजर शनिवार को प्रमुख सचिव माइनिंग उमाकांत उमराव और कलेक्टर दिलीप कुमार यादव सहित खनिज विभाग और मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के भोपाल से आये वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने कटनी शहर के होटल अरिंदम का स्थल निरीक्षण किया।

इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, उपसंचालक खनिज रत्नेपश दीक्षित, उपसंचालक खनिज सोलंकी, महाप्रबंधक उद्योग ज्योचति सिंह, नगर निगम कमिश्नर नीलेश दुबे, मध्यप्रदेश पर्यटन निगम के अधिकारी, नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह, सहायक प्रबंधक राजेश पटेल आदि मौजूद रहे।

कटनी में प्रस्तावित माइनिंग कॉन्क्लेव में प्रदेश सहित देश भर के खनन क्षेत्र में कार्य करने वाले नामचीन उद्योगपति शामिल होंगे।

इस कॉन्क्लेव में देश और प्रदेश के करीब एक हजार उद्योगपतियों के शामिल होने की संभावना है। प्रमुख सचिव माइनिंग उमराव ने स्थल का मुआयना कर मंचस्थल, प्रदर्शनी स्थल, उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा स्थथल, सेक्टोरियल प्रेजेंटेशन, पार्किंग स्थल आदि का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

जिले में खनिज संपदा एवं संभावनायें

कटनी जिला समृद्ध खनिज संपदा के लिए प्रसिद्ध है। यहां प्रमुख रूप से लाइम स्टोनन, डोलोमाइट, मार्बल, बाक्साइट, लेटराइट एवं फायर क्ले जैसे खनिज प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं। इन खनिजों के कारण जिले में चल रही मौजूदा औद्योगिक गतिविधियों को माइनिंग कॉन्क्लेव के आयोजन से और अधिक गति मिलेगी।

लाइम स्टोन जिले के बड़वारा और विजयराघवगढ़ में मिलता है जिसका



उपयोग सीमेंट, चूना, स्टील और कागज उद्योग में होता है। वहीं डोलोमाइट जिले के स्लीनमनाबाद और बड़वारा क्षेत्र में उपलब्धे है। जो स्टील और पुट्टी प्लांइट के लिए उपयोगी है। बहोरीबंद और स्लीमनाबाद क्षेत्र में अच्छी गुणवत्ता का मार्बल उपलब्ध है जो भवन निर्माण और सजावटी वस्तुओं व मूर्तियां बनाने के लिए प्रसिद्ध है। इसी प्रकार तहसील कटनी और स्लीमनाबाद क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में बाक्साइट पाया जाता है जो एल्युमीनियम का प्रमुख स्त्रोत है। फायर क्लें, अग्निरोधी ईंट और टाइल निर्माण में प्रयोग होता है। वहीं लेटेराइट भूमि सुधार और जलसंरक्षण के लिए उपयोगी है।

#### 5 दिशाओं में परिवहन नेटवर्क

कटनी प्रमुख रेलवे ट्रांजिट और लॉजिस्टिक हब माना जाता है। यहां से 5 प्रमुख रेल मार्ग गुजरते हैं। जो कटनी को उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम भारत से जोड़ते हैं। वर्तमान में जिले के खनिज लाइमस्टोन, डोलोमाइट मार्बल और बाक्साइट का परिवहन रेलवे द्वारा देश के औद्योगिक क्षेत्रों तक किया जाता है।

कटनी की सड़क परिवहन व्ययवस्था में राष्ट्रीय राजमार्गों से बेहतर कनेक्टिवटी है। इनमें एनएच-30 इसे सतना, जबलपुर, रीवा, रायपुर और वाराणसी जैसे शहरों से जोड़ता है। तो एनएच-43 मार्ग कटनी को अनूपपुर, शहडोल, डिंडोरी और बिलासपुर से जोड़ता है। इसके अलावा इन राष्ट्रीय राजमार्गों से कटनी का छत्तीसगढ़, उत्तसरप्रदेश, महाराष्ट्र जैसे राज्यों से मजबूत सड़क संपर्क बना हुआ है। हवाई यातायात में कटनी का निकटतम हवाई अड्डा यहां से 100 किलोमीटर दूर जबलपुर में है जो देश के प्रमुख नगरों से जुड़ा हुआ है। जो इसकी निवेश फ्रेंडली खूबियों को चार-चांद लगाता है।

#### अन्य औद्योगिक इकाईयां

मिनरल एण्ड माइनिंग सेक्टर के अलावा जिला एग्रोबेस्ड औद्योगिक इकाईयों के मामले में भी समृद्ध है। यहां चावल, तुअर दाल, गेहूँ का आटा, चने की पिसाई, मैदा, मसाले, फल, सुगंधित पौधे, फूल, उद्यानिकी और औषधीय पौधों का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। इसलिए यहां कृषि सेक्टर के उद्योगों की स्थाषना के व्यापपक अवसर हैं।

#### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र

जिले में तेजी से विकसित हो रहे खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की असीम संभावनायें हैं। जिले में धान, गेहूँ, चना, टमाटर, मसूर, सोयाबीन आदि फसलें उगाई जाती हैं। इनसे जुड़े आटा मिल, दाल मिल, तेल मिल, मसाला और सब्जीप प्रसंस्करण इकाईयां जिले के विभिन्न हिस्से में छोटे और मध्यम स्तर पर विकसित हो चुके हैं। यहां 5 कोल्ड स्टोरेज सक्रिय हैं जो टमाटर, आलू, प्याज और सब्जियों के भंडारण में सहायक है। ग्रामीण महिला स्व -सहायता समूहों द्वारा भी आचार पापड़ मसाले और स्थाानीय फल प्रसंस्करण जैसे उत्पाादद तैयार किये जा रहे हैं।

कटनी में कई इकाईयां एफएसएसएआई सर्टिफाइड पैकेजिंग एवं बारकोड ब्रांडिंग के साथ काम कर रहीं है। कटनी फूड्स, बहोरीबंद फार्म प्रोडक्ट्स, विजयराघवगढ़ मसाले जैसे ब्रांड लोकल बाजार, हाट, शासकीय आउटलेट और ऑनलाईन पोर्टल पर धूम मचा रहे हैं।

### बहोरीबंद विकासखंड के 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भी हुए चयनित

# बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काया कल्प में चयनित, मिलेगी प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं ओर मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के मानक पर खरा उतरने पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद को कायाकल्प मै चयनित किया है। बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटनी जिले मै एक मात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है जिसका वर्ष 2024-25 के कायाकल्प में चयनित हुआ है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा बहोरीबंद विकासखंड के शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद , बाकल व तेवरी कायाकल्प मैं चयनित हुए है ।जिसके बाद इन सभी तीन सरकारी



अस्पतालों को प्रोत्साहन राशि मिलेगी।ये तीनो अस्पताल वर्ष 2024-25 कायाकल्प में चयनित हुए। बीएमओ डॉ आनंद अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि दिसंबर 2024 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा अस्पतालों के निरीक्षण के कायाकल्प की टीम भेजी थी जिसमे से कायाकल्प की टीम ने विभिन्न मापदंडों का आंकलन किया। कायाकल्प की टीम के निरीक्षण उपरांत जांच रिपोर्ट राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को सोपी गई। इन सभी बिंदुओं पर शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद, बाकल,तेवरी व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद खरा उतरा जिसके परिणाम स्वरूप ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने बहोरीबंद विकासखंड के तीनो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को कायाकल्प वर्ष 2024-25 के चयनित किया। कायाकल्प में चयनित होने पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का 75 फीसदी अस्पताल व्यवस्था व 25 फीसदी अस्पताल स्टाफ का रहेगा।

बीएमओ ने कहा कि यह बहोरीबंद विकासखंड के लिए खुशी का पल है की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद, तेवरी व बाकल का कायाकल्प मैं चयनित हुआ। चयनित उपरांत अस्पतालो मे स्वास्थ्य स्टॉफ के द्वारा खुशियाँ मनाई गईं।

### संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए हुई बैठक



शनिवार को रीठी विकासखंड में स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर और जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पांडे ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के शत-प्रतिशत पंजीकरण, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना और बच्चों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना था। इस दौरान सभी सी.एच.ओ, ए.एन.एम., सेक्टर सुपरवाइजर, आशा पर्यवेक्षक, आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण कराने, दस्तक अभियान के दौरान हर बच्चे को विटामिन-ए की खुराक दिये जाने एवं कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराये जाने के निर्दश दिये गए। साथ ही एनीमिया से पीड़ित बच्चों को रक्त चढ़ाने के लिए जिला चिकित्सालय कटनी भेजने हेतु भी निर्देशित किया गया।

# पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जन शिक्षण संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत 15 दिवसीय कार्यक्रम में 16 जुलाई से 31 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रम वन ब्लॉक विभिन्न गांव में संपन्न हुए इनमें स्वच्छता शपथ प्लास्टिक का विरोध साफ सफाई वृक्षारोपण स्वच्छता रैली ड्राइंग कंपटीशन मेहंदी कंपटीशन वाद विवाद प्रतियोगिता स्लोगन प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिताओं का क्रमशः आयोजन किया गया।

#### प्लास्टिक का करें विरोध

समापन 31 एवं 1 अगस्त को किया गया इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे लाभार्थियों को प्रथम, द्वितीय तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया



और उन्हें प्रमाण पत्र दिए गए जन शिक्षण संस्थान के निदेशक के द्वारा यह बताया गया कि स्वच्छता जीवन की बहुत जरूरी है इसलिए अपने आसपास पेड़ पौधों को लगे जिससे कि आसपास का वातावरण स्वच्छ हो सके एवं सभी को यह संदेश दिया कि स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें प्लास्टिक का विरोध करें पेपर बाग का उपयोग करें एवं हर व्यक्ति का एक कर्तव्य है कि अपने आसपास स्वच्छता के प्रति सजग रहे।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में बबीता सिंह हेमंत राज अजय नित्यांशु एवं अनुदेशकों में बबली गुप्ता प्रीति सिंह सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त थे गोस्वामी तुलसीदास

# महाविद्यालय स्लीमनाबाद में तुलसीदास जयंती पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

गोस्वामी तुलसीदास जयंती केवल एक संत की स्मृति नहीं, बल्कि भारतीय भक्ति साहित्य की अमूल्य धरोहर का उत्सव है। तुलसीदास जी ने अपनी लेखनी से भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने भक्ति को केवल पूजा नहीं, जीवन जीने की एक सजीव विधा के रूप में प्रस्तुत किया। उनकी रचनाएँ आज भी धर्म, नीति और भक्ति के अमिट स्रोत हैं।

उक्त बातें प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने तुलसीदास जयंती पर महाविद्यालय मे आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम मे कही। कार्यक्रम की शुरुआत गोस्वामी तुलसीदास के



छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन अर्चन कर किया गया। प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय तुलसीदास जयंती का धार्मिक ओर सांस्कृतिक महत्व बतलाया। कहा कि हर वर्ष श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती मनाई जाती है। यह दिन भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में विशेष स्थान रखता है। इस अवसर पर उनकी रचनाओं का पाठ, भजन-कीर्तन और विचार गोष्ठियों का आयोजन होता है। भक्त उनके जीवन और शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर भक्ति, सेवा और सदाचार का मार्ग अपनाने का संकल्प लेते हैं।

तुलसीदास का जन्म 1532 ईस्वी में उत्तर प्रदेश के राजापुर गांव में हुआ था, और उनकी मृत्यु 1623 ईस्वी में काशी (वाराणसी) में हुई थी। तुलसीदास, जिन्हें गोस्वामी तुलसीदास के नाम से भी जाना जाता है, एक प्रसिद्ध वैष्णव (रामभक्त) हिंदू संत, भक्त और कवि थे। उन्होंने संस्कृत, अवधी और ब्रजभाषा में कई लोकप्रिय रचनाएँ लिखीं, जिनमें सबसे प्रसिद्ध रामचरितमानस है, जो राम के जीवन पर आधारित संस्कृत रामायण का एक पुनर्कथन है, जो स्थानीय अवधी भाषा में है। डॉ किरण खरीदी ने कहा कि तुलसीदास जी ने अपने जीवन को भगवान श्रीराम की भक्ति में समर्पित कर दिया। वे सगुण रामभक्ति के प्रमुख स्तंभ माने जाते हैं।

### अधिकारियों व किसानों ने सुना प्रधानमंत्री का संबोधन

# जिले के किसानों के खातें में 34 करोड़ 29 लाख की राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम से कटनी जिले के 1 लाख 71 हजार 464 किसानों के बैंक खातों में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के रूप में 34 करोड़ 29 लाख 28 हजार रूपये की राशि का हस्तांरण किया।

कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष के कॉन्फ्रेसिंग हॉल में मौजूद रहकर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे उइके, अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग सहित किसानों की मौजूदगी रही। जिले भर में शनिवार 2 अगस्त पीएम किसान



दिवस के रूप में मनाया गया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने शनिवार को पीएम किसान दिवस के अवसर पर कटनी जिले के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त प्रदान की।

इसमें बड़वारा तहसील के 15 हजार 920 किसानों को 3 करोड़ 18 लाख 40 हजार रूपये की राशि किसानों के खाते में अंतरित की। जबकि ढीमरखेड़ा तहसील के 26 हजार 991 किसानों के खाते में 5 करोड़ 39 लाख 82 हजार रूपये, रीठी तहसील के 22 हजार 491 किसानों के खाते में 4 करोड़ 49 लाख 82 हजार रूपये तथा बहोरीबंद तहसील के 27 हजार 505 किसानों के खाते में 5 करोड़ 50 लाख 10 हजार रूपये एवं स्लीमनाबाद तहसील के 13 हजार 471 किसानों के खाते में 2 करोड़ 69 लाख 42 हजार रूपये की राशि पीएम किसान राशि के रूप में प्रदान की गई।

इसी प्रकार कटनी ग्रामीण तहसील के 9 हजार 432 किसानों के खाते में 1 करोड़ 88 लाख 64 हजार रूपये और कटनी नगर तहसील के 9 हजार 242 किसानों के खाते में 1 करोड़ 84 लाख 84 हजार रूपये की राशि अंतरित की गई। वहीं बरही तहसील के 17 हजार 62 किसानों के खाते में 3 करोड़ 41 लाख 24 हजार रूपये की राशि तथा विजयराघवगढ़ तहसील के 29 हजार 350 किसानों के खाते में 5 करोड़ 87 लाख रूपये की राशि प्रधानमंत्री ने अंतरित किया।

# पाइप लाइन बिछाने के बाद नहीं कराई मरम्मत, बारिश में दलदल बनी गई रोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत कार्य करने वाले विभागों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। किंतु कई बार कार्य की गुणवत्ता, कार्यान्वयन की प्रक्रिया और उसकी निगरानी में लापरवाही के कारण ग्रामीणों को लाभ की बजाय परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसा ही एक उदाहरण है ग्राम पंचायत छोटा कछारगांव, जहाँ पर पीएचई विभाग द्वारा पाइपलाइन बिछाने हेतु सड़कों की खुदाई तो कर दी गई, किंतु उनकी मरम्मत का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। ग्राम पंचायत छोटा कछारगांव एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ अधिकतर आबादी खेती-बाड़ी,



पशुपालन तथा श्रम कार्यों पर निर्भर है। यहाँ की सड़कें ही ग्रामीण जीवन की धुरी हैं, जो गांव को मुख्य बाज़ारों, स्कूलों, अस्पतालों एवं अन्य संसाधनों से जोड़ती हैं। ग्रामीणों का दैनिक आवागमन, बच्चों का स्कूल जाना, मरीज़ों का अस्पताल जाना और खेतों तक पहुंच सब कुछ इन्हीं सड़कों पर निर्भर करता है।

जब जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में पीएचई विभाग ने गाँव की सड़कों को खोदकर पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ किया। परंतु पाइपलाइन बिछा देने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई। यह लापरवाही अब ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। जो सड़कें पहले समतल और चलने योग्य थीं, वे अब गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। कुछ स्थानों पर खुदी हुई सड़कें जलभराव का कारण बन चुकी हैं, जिससे कीचड़ हो गया है और पैदल चलना भी दूभर हो गया है।

## खबर संक्षेप



### अजाक्स ने किया जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत

**कटनी।** मप्र अज़ाक्स संघ कटनी द्वारा शनिवार को नव नियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह मरावी का पुष्पगुच्छ एवं बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की रचित हिंदू धर्म की रिडल पुस्तक देकर स्वागत सम्मान किया गया एवं कर्मचारी हितैषी मुद्दों पर चर्चा हुई जिसका निराकरण शीघ्र करने हेतु संघ को आश्वासन दिया गया है। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह धुर्वे, पूर्व अध्यक्ष सोहन लाल चौधरी, जय कुमार चौधरी सुग्रीम सिंह मरावी, चंद्रभान बौद्ध मनोज श्रीवास, मनोज दहिया, भूपत सेमा, अजीमुद्दीन शाह कपिल मनहर, चंद्रहास आर्मो, गुलाब परस्ते, सुजान सिंह ठाकुर, हर प्रसाद चौधरी, अनिल दीवान आदि की उपस्थिति रही है।

### कुड़ियाघाट धाम से कल निकाली जाएगी रथयात्रा

**बड़वारा।** जिले के धार्मिक पर्यटन स्थल कुढ़िया धाम आश्रम रोहनिया में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान शिव शंकर की मनोरम छवि से दैदीप्यमान भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी गौरतलब है कि सावन मास में यह भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है जिसमें भगवान भोलेनाथ रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलते हैं। रथ में विराजमान शिव जी का जगह जगह भव्य स्वागत किया जाएगा। आरती पूजन किया जाएगा। रथ यात्रा को लेकर ग्राम में जन जन में हर्ष का माहौल है। कुड़िया घाट धाम में साज सज्जा की गई है। समिति के सदस्यों ने बताया कि सावन सोमवार 04 अगस्त को सुबह से शिव लिंग निर्माण, रुद्राभिषेक, एवम रथ यात्रा का आयोजन किया जायेगा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### जिले को मिली 2 शव वाहन की सुविधा

**कटनी।** राज्य सरकार द्वारा संचालित शासकीय संस्थाओं में रोगी अथवा दुर्घटना पीड़ित के उपचार के दौरान मृत्यु उपरांत मृतकों को उनके निवास स्थान तक निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से शव वाहन सेवा का संचालन शुरू किया गया है। इस सेवा के तहत कटनी जिले को 2 शव वाहन प्राप्त हुये है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में शुक्रवार को जिला पंचायत सी.ई.ओ. की अध्यक्षता में दोनों शासकीय शव वाहनों को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ कर जिला अस्पताल कटनी के लिये रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर एवं विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिला अस्पताल में रोगी एवं दुर्घटना पीड़ितों के ईलाज के दौरान मृत्यु होती है तो उसके शव को सम्मानपूर्वक उनके निवास स्थान तक पहुंचाने के साथ ही उनका मृत्यु प्रमाण पत्र भी अस्पताल से जारी कर उनके परिजनों को उपलब्ध कराया जायेगा। शव वाहन का संचालन जिले की सीमा के अंदर ही अंदरशासकीय चिकित्सा संस्थानों में हुई मृत्यु के प्रकरणों में ही उपयोग किया जायेगा। निजी चिकित्सालयों, निवास स्थल एवं अन्यत्र किसी भी स्थान में हुई मृत्यु के प्रकरण में शव वाहन उपलब्ध कराये जाने की पात्रता नही होगी। शव वाहन जिला अस्पताल कटनी में ही तैनात रहेंगे।

### जिले में अब तक 706.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शनिवार 2 अगस्तग तक कुल 706.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 935.7 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 506.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 39.6प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 720.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### ऑडिटोरियम में आयोजित सेवा सम्मान समारोह में स्वच्छता मित्र एवं वार्ड दरोगा को तुलसी का पौधा देकर किया सम्मानित

# उपलब्धि मंजिल नहीं पड़ाव है, जिले को नंबर-1 बनाना है लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने शनिवार को बस स्टैंड स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित स्वच्छता सेवा सम्मान समारोह एवं क्षमतावर्धन कार्यशाला के गरिमापूर्ण और भव्य कार्यक्रम में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र ,शील्ड एवं तुलसी का पौधा प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान स्वास्थ्य समिति प्रभारी सुभाष साहू शिब्बू नगर निगम कमिश्नर नीलेश दुबे , एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री यादव ने सफाई मित्र अनिल कल्लू परिहार, सुधा कुपारिया तथा वार्ड दरोगा मनमोहन चमकेल को प्रशस्ति पत्र शील्ड एवं तुलसी का पौधा प्रदान कर उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया ।

कलेक्टर श्री यादव ने कटनी शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में 50 हजार से 3 लाख की जनसंख्या श्रेणी में देशभर के 824 शहरों में से 8वीं रैंक प्राप्त होने पर इस बड़ी उपलब्धि का पूरा श्रेय स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कटनी शहर की जनता की जागरूकता, भागीदारी और मेहनत के साथ .साथ सफाई मित्रों के अथक प्रयासों और योगदान को दिया। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि यह उपलब्धि मंजिल नहीं सिर्फ एक पड़ाव है दू हमारा लक्ष्य है, कटनी को देश में स्वच्छता में नंबर 1 बनाने का होना चाहिए। उन्होंने स्वच्छता को संस्कार, आदत, जनांदोलन और जीवनशैली बनाने का आग्रह किया।






कलेक्टर श्री यादव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि हमे सबको यही एकजुटता, समर्पण और जनसहभागिता भविष्य में बनाए रखनी होगी और योजनाबद्ध अमल से हमें हर गली, हर मोहल्ले हर घर को और अधिक स्वच्छ बनाना होगा।

निगमायुक्त नीलेश दुबे ने स्वच्छता सम्मान समारोह के दौरान आयोजित क्षमतावर्धन कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह गौरवशाली क्षण सभी स्वच्छता मित्रों के परिश्रम का ही परिणाम जो हमें राष्ट्रीय स्तर पर 8 स्थान प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक और प्रेरित करने हेतु 15 अगस्त 2014 से स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की गई थी। जिसके सार्थक परिणाम आज देखने को मिल रहे है। स्वच्छता व्यवहार परिवर्तन का विषय है।

हमें आगामी सर्वेक्षण के निर्धारित मापदंडों में खरा उतरने के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर निगम प्रशासन द्वारा अभी से तैयारी प्रारंभ करने तथा इस वर्ष रह गई कमियों को दूर करने हेतु क्षमता वर्धन कार्यशाला के साथ ही स्वच्छता मित्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। इस कार्यशाला के माध्यम से कमियों को दूर करने हेतु आवश्यक तैयारियों की जानकारी प्रदान करते हुए आगामी सर्वेक्षण के दौरान हम और भी अधिक मेहनत कर कटनी नगर को स्वच्छता के शिखर पर पहुंचाने की जानकारी दी जाएगी। निगमायुक्त श्री दुबे ने इस उपलब्धि के लिए नगर के सम्मानित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं नगर वासियों स्वच्छता मित्रों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कटनी को नंबर वन बनाने के लिए आगे भी इसी तरह से सहयोग प्रदान करने की बात कही।

वहीं स्वास्थ्य समिति के प्रभारी सदस्य सुभाष साहू द्वारा नगर को मिली इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय स्वच्छता मित्रों और नगर के जागरूक नागरिकों को दिया जाकर आगे भी इसी तरह से सहयोग प्रदान करते हुए नगर को स्वच्छता के शिखर पर पहुंचाने का आग्रह किया। क्षमतावर्धन कार्यशाला के दौरान आसना राठौर द्वारा आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान इस वर्ष की कमियों की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी सर्वेक्षण में उच्च पायदान पर पहुंचने हेतु हमें सोर्स सेग्रीगेशन और पब्लिक टॉयलेट की साफ- सफाई पर पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वहीं वाटर प्लस की उपलब्धि हेतु बेस्ट ट्रीटमेंट एवं नालियों की सफाई एवं ढक कर रखने सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तार से प्रदान की गई।

#### प्रतिभागियों ने किए अनुभव साझा

कार्यशाला के दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में 50 हजार से 3 लाख तक की जनसंख्या वाले शहरों मे कटनी शहर को राष्ट्रीय स्तर पर 8वां एवं राज्य स्तर पर 9वां स्थान प्राप्त होने के पीछे की रणनीति रहवासी एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण, प्रबंधन, जल स्त्रोतों की सफाई एवं नगर की सफाई कार्य के साथ ही गार्बेज फ्री सिटी तथा ओडीएफ प्लस प्लस, थ्री स्टार रैंकिंग की उपलब्धि हेतु किये गए प्रयासों एवं अनुभवों को साझा किया गया।

समारोह में नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह, कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन, सहायक यंत्री सुनील सिंह, संजय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, कार्यालय अधीक्षक नागेन्द्र पटेल, नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी, सफाई मित्र, स्व सहायता समूह की महिलाएं, एनजीओ की टीम और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

*सराफा कारोबारियों ने कोतवाली पहुंचकर की कार्यवाही की मांग*

# करोड़ों रूपए कीमती सोने के जेवरात लेकर हो गया गायब, मचा हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

करोड़ों रूपए कीमती सोने के जेवरात लेकर एक प्रतिष्ठान संचालक गायब हो गया जिससे सराफा कारोबारियों की खलबली मच गई। सराफा कारोबारियों ने अपनी दुकानें बंद की और कोतवाली पहुंचे। अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की गई।

सराफा कारोबारियों का कहना है कि कुछ कारोबारियों व कारीगरों ने हमेशा की तरह अपने सोने के जेवर सराफा एसोसिएशन सदस्य व सराफा बाजार में श्रेया टूल्स नामक प्रतिष्ठान के संचालक अंशुल सोनी को सप्लाई के लिए दिए थे। इसके बाद बुधवार को जब अंशुल को कारोबारियों ने फोन लगाया तो उसका मोबाइल स्वीच आफ था। जिसके बाद सभी कारोबारियों ने 5 से 6 घंटे इंतजार किया और एक-दूसरे से चर्चा की तो उन्हे एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी कर करोड़ों का सोना लेकर गायब हो गया है।

धोखाधड़ी का शिकार हुए कारोबारियों मनोज सोनी, मयंक सोनी, सुनील सोनी, अंकित सोनी, अमन सोनी, जित्तू सोनी, अंकित सोनी, अयुश सोनी, सुधीर सोनी, शिवम सोनी, आशीष सोनी का कहना है कि जब इस मामले में अंशुल के पिता से बात कि गई तो उन्होंने कारोबारियों के साथ गाली गलौज करते हुए सभी को भगा दिया और अंशुल के बारे में कोई जानकारी देने से इंकार कर दिया। धोखाधड़ी का शिकार हुए कारोबारियों ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत कोतवाली प्रभारी सहित पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक को देते हुए कार्रवाई की मांग की है। उधर पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की और अंशुल की मोबाइल लोकेशन पता करने पर उसकी लास्ट लोकेशन मुंबई महाराष्ट्र आई है। जिसके बाद एक पुलिस टीम भी मुंबई रवाना होने वाली है।

### ऑपरेशन शिकंजा के तहत 328 लीटर अवैध शराब जब्त



शराब की अवैध बिक्री करने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन शिकंजा" अभियान के गत दिवस को ज़िले भर में अवैध पैकारियों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध रूप से देशी-विदेशी मदिरा एवं कच्ची शराब बेचने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई, जिसके तहत बड़ी मात्रा में अवैध शराब एवं निर्माण सामग्री जब्त की गई। अभियान के तहत कुल 72 प्रकरण दर्ज, 72 आरोपी आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किए गए। इस दौरान 296 लीटर अवैध देशी शराब, 7 .38 लीटर अवैध विदेशी शराब एवं I25 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। कुल 328 .38 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। अभियान के तहत 72 स्थानों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कटनी पुलिस आमजन से अपील करती है कि यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार का अवैध नशे का कारोबार हो रहा हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी।

# पंचायत सचिवों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



पंचायत सचिवों ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि पंचायत सचिवों का संविलियन करके शासन के कर्मचारी का दर्जा प्रदाय किया जाए। इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केन्द्रीय ग्रामीण विकास विभाग मंत्री शिवराज सिंह चौहान घोषणा कर चुके है, अनेक बार विधानसभा में कार्यवाही प्रचलन में होने का आश्वासन दिया गया है, लेकिन प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है।

पंचायत सचिवों का विभाग में संविलियन करें। समय वेतनमान के विस्तृत दिशा-निर्देश विभाग द्वारा पंचायत सचिवों को समय वेतनमान का लाभ स्वीकृत किया गया है, लेकिन विस्तृत दिशा निर्देश जारी न होने से उपरोक्त लाभ से वंचित है। विशेष यात्रा भत्ता 250 के स्थान पर रूपये 2500/- रूपये करे। शासकीय कर्मचारियों की भांति गृह भाड़ा भत्ता दिए जाने के निर्देश दिया जाये। वेतन ग्लोबल बजट से भुगतान विभाग द्वारा 01 तारीख को वेतन भुगतान हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जिला पंचायत समस्त को निर्देशित किया गया लेकिन गौण खनिज में समय सीमा में आबंटन प्राप्त न होने से अभी भी तीन-तीन माह में वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है। कृपया शासकीय कर्मचारी की तरह ग्लोबल बजट से वेतन भुगतान करे दुर्घटना बीमा ग्राम पंचायत सचिवों को 5.00 लाख का दुर्घटना बीमा का लाभ स्वीकृत करें। अनुकम्पा नियुक्ति एवं अनुग्रह सहायता वापसी न करने वर्तमान में पिछड़ा वर्ग के पद रिक्त न होने के कारण पिछड़ा वर्ग के अनुकंपा आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिल पा रही है, जो सामान्य वर्ग के पद रिक्त है उन पर पिछड़ा वर्ग के अनुकंपा आश्रितों को नियुक्तियां देने एवं अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने के उपरांत अनुग्रह सहायता डेढ़ लाख रूपये राशि जो वापस ली जाती है उसको आधार पर वापस न ली जावें।

*महाविद्यालय तक पहुंचने में विद्यार्थियों को होती है बड़ी परेशानी*

# अतरसूमा से महाविद्यालय तक की खराब सड़क बनी मुसीबत, जिम्मेदार बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

अतरसूमा से नेगई स्थित महाविद्यालय जाने वाले विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।करीब तीन किलोमीटर का लंबा यह कच्चा मार्ग पूरी तरह दलदल और कीचड़ में तब्दील हो चुका है। दलदल कीचड़ के बीच विद्यार्थियों को जान जोखिम में डालकर महाविद्यालय तक का सफर करना पड़ता है। छात्रों ने बताया कि अतरसूमा से नेगई तक तीन किलोमीटर का मार्ग खराब होने के कारण अतरसूमा सहित आसपास के दर्जनों गांवों के विद्यार्थियों को 8 से 10 किलोमीटर का चक्कर लगाकर सिलौंड़ी की तरफ से महाविद्यालय जाना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी दूर दराज से आने वाले विद्यार्थियों को होती है। ग्रामीणों और विद्यार्थियों की समस्याओं को देखते हुए नेगई, अतरसूमा ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों ने कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री तक पत्राचार कर पक्की सड़क का निर्माण कराने की मांग किया,लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।



बरसात के दिनों में सभी की परेशानी और भी ज्यादा बढ़ जाती है। कच्ची सड़क में पानी और कीचड़ होने से किसानों को खेतों तक पहुँचना भी बड़ा मुश्किल होता है।ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से आवागमन करने में गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग और किसान सभी को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कीचड़ में फिसलने से आए दिन दुर्घटनाएं होती है।

#### वितरित की गई साइकिलें

शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय भटगवां में कक्षा 6वीं में अध्ययनरत 25 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, जिला पंचायत सदस्य प्रिया सिंह,मंडल महामंत्री अंकित झारिया मंडल उपाध्यक्ष मनीषा राजेंद्र गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने साइकिलें वितरण किया। विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने कमरों की समस्या को बताया। इस मौके पर शाला प्रभारी नागेन्द्र सिंह, राजकुमार मौर्य, पंकज नामदेव, जितेन्द्र सिंह,महेन्द्र सिंह, शिवसिंह,मुस्कान मिश्रा,अजय यादव, फागूराम चौधरी मौजूद रहे।

### स्तनपान सप्ताह शिविर के आयोजन में दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

# नवजात को कई बीमारियों एवं कुपोषण से बचाता है मां का दूध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्तनपान को प्रोत्साहन देने के लिए एवं प्रसूताओ को नवजात शिशु को प्रथम आहार के रूप में सिर्फ मां के दूध के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 1 से 7 अगस्त तक अन्तर्राष्ट्रिय स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जाता है।

शनिवार 2 अगस्त को जिला चिकित्सालय कटनी एवं प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ सोसायटी के संयुक्त तत्वधान मे स्तनपान सप्ताह शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय कटनी के प्रसूति विभाग में किया गया जिसमे संपूर्ण स्तनपान कराने का तरीका व मां का दूध नवजात शिशु के लिए कितना आवश्यक एवं फायदेमंद है इस बारे में संपूर्ण जानकारी, जिला चिकित्सालय में उपस्थित प्रसूतिओ गर्भवती माताओ तथा उनके परिजनों को दी गई। इस मौके पर



सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, डॉ अशोक चौदहा डॉ सुनीता वर्मा डॉ मनीष मिश्रा डॉ नीलम सोनी ने बताया कि स्तनपान के बारे में आज भी काफी संख्या में माताओं में पर्याप्त जानकारी का अभाव देखा गया है। इस कारण बच्चों को पर्याप्त मात्रा में मां का दूध नहीं मिल पाता है। इससे बच्चों मे कई प्रकार की समस्याएं विशेष रूप से कुपोषण जैसी घातक परेशानियां देखने को मिलती हैं, जिन्हें स्तनपान को बढावा देकर ही रोका जा सकता है। मां का दूध शिशुओं का सर्वोत्तम एवं सम्पूर्ण आहार है, जिसका कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है। इससे बच्चे एवं मां में भावनात्मक जुड़ाव पैदा होता है और बच्चे का सर्वांगीण विकास होता है।

सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. हर्षिता गुप्ता एवं सचिव डॉ स्वाति जैन ने बताया कि हर साल अगस्त के पहले हफ्ते में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है. पूरे सप्ताह मनाए जाने वाले



इस आयोजन का मकसद स्तनपान के महत्व को उजागर करना और नवजात शिशु के वृद्धि और विकास पर बात करना है. वैश्विक रूप से इस सप्ताह को मनाया जाता है और विशिष्ट थीम चुनकर उसपर काम होता है. इस साल का थीम है, स्तनपान में निवेश करें। भविष्य में निवेश करें।इसका अर्थ है स्तनपान न केवल बच्चों के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक उज्ज्वल भविष्य प्रदान करता है। है।

इस अवसर पर जिला चिकित्सालय सिविल सर्जनडॉ यशवंत वर्मा,डॉ अशोक चौदहा कटनी प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ हर्षिता गुप्ता,सचिव डा स्वाति जैन ,डॉ सुनीता वर्मा,डॉ मनीषा साहू ,डॉ नीतू जैन डॉ श्रद्धा द्विवेदी, एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ नीलम सोनी डॉ मनीष मिश्रा, के अलावा चिकित्सालय के अन्य चिकित्सक नर्सिंग स्टाफ एवं बड़ी संख्या में माताएँ उपस्थित रहीं।

# बांग्लादेश के किशोर को पुलिस ने स्टेशन से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बांग्लादेश के एक किशोर को कटनी पुलिस ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र से पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि करीब एक महीने से वह शहर की गलियों में घूम रहा था। रेलवे स्टेशन पर सोकर एवं भीख मांगकर गुज़ारा कर रहा था। सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद उसे बांग्लादेश की सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (BSF) को सौंप दिया गया है।

पुलिस की पूछताछ में किशोर ने बताया कि वह गाजीपुर, ढाका (बांग्लादेश) का रहने वाला है। उसके एक दोस्त ने उसे भारत में 40,000 कमाने का लालच दिया था। इसी लालच में वह अपने एक साथी के साथ सीमा पार कर अवैध रूप से भारत में घुस गया। भारत आने के बाद उसने 9 महीने तक कोलकाता में काम किया, जिसके बाद वह कटनी पहुँचा।

पिछले एक महीने से वह कटनी रेलवे स्टेशन पर भीख मांगकर गुज़ारा कर रहा था। पुलिस के अनुसार, लगभग 15-16 साल के दो नाबालिगों ने BSF को चकमा देकर अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया इनमें से एक युवक वापस लौट गया, जबकि दूसरा विभिन्न शहरों में घूमते हुए कटनी तक पहुँच गया। कटनी पुलिस ने सर्चिंग के दौरान इस नाबालिग को रेलवे स्टेशन से पकड़ा उसके पास से कोई भी पहचान संबंधी दस्तावेज़ नहीं मिले।

पुलिस ने उसे एक होल्डिंग सेंटर में रखा और इस मामले की जानकारी पुलिस मुख्यालय भोपाल और विदेश मंत्रालय को दी। इसके बाद एक विशेष टीम इस नाबालिग को लेकर पश्चिम बंगाल के सीमानगर पोस्ट, ज़िला नदिया पहुँची, जहाँ उसे 32वीं BSF बटालियन को सौंप दिया गया।

खबर संक्षेप

## मनचले युवक ने दो बहनों से की छेड़छाड़

**छतरपुर**। बीती शाम कोतवाली थाना क्षेत्र में एक मनचले युवक ने जब दो बहनों के साथ छेड़छाड़ की तो दोनों ने मिलकर उसे पीट दिया। इतना ही नहीं लड़कियों ने मारपीट करने के बाद युवक को मुर्गा भी बनाया। बाद में पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरु की है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के पीएनबी बैंक के पास की बताई गई है, जहां मुहम्मद रफी नाम के युवक ने दो सगी बहनों के साथ छेड़छाड़ की। पीड़ित बहनों ने बताया कि रफी कई महीनों से उन्हें परेशान कर रहा था और पहले भी उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी थी। बीते रोज जब रफी ने फिर से उन्हें छेड़ा तो, उन्होंने विरोधस्वरूप रफी को पहले मुर्गा बनाया और चप्पलों से उसकी पिटाई की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद आरोपी को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर जांच शुरू की है।

## आवारा मवेशियों ने सड़कों पर जमाया डेरा

**छतरपुर**। शहर की सभी प्रमुख सड़कों पर इन दिनों मवेशियों का जमावड़ा हादसों का कारण बना हुआ है। शहर के जवाहर रोड, सागर रोड, पन्ना रोड, नौगांव रोड, महोबा रोड और छत्रसाल चौराहे के आसपास मवेशी सड़कों पर बैठे रहते हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों के मुताबिक इन मवेशियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में महोबा, झांसी और सागर रोड पर एक ट्रक ने तीन गायों को कुचल दिया था। इसी तरह बमीठा-झांसी नेशनल हाईवे पर एक अन्य घटना में तेज रफ्तार ट्रक ने चार गायों से टकराया था। आरोप है कि नगर पालिका द्वारा मवेशियों को सड़कों से हटाने या गौशालाओं में शिफ्ट करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। गौसेवकों सहित अन्य लोगों ने मवेशियों को गौशालाओं में भेजने की मांग की है। हालांकि कलेक्टर द्वारा पहले ही गौशालाओं की सूची उपलब्ध कराने और मवे?शियों को सड़क से हटाने के निर्देश अमले को दिए जा चुके हैं।

### संकट के समय सब एक साथ खड़े

# बाढ़ पीड़ितों के लिये जिले भर से पहुंच रही मदद सामग्री, जनता व प्रशासन सब जुटे





**हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा**

तहसील के तारादेही परिक्षेत्र के वनांचल में सोमवार एवं मंगलवार की दरम्यानी रात मै हुई भारी बारिश के कारण व्यारमा नदी में उफान आने के कारण कुल 18 ग्राम जिनमें सर्रा, तारादेही, झमरा, बम्होरी, खमतरा, सारसबगली, विलतरा, कोटखेड़ा, कोसमदा, बम्होरीमाल, खमरियां शिवलाल, केवलारी, जेतगढ, गोपालपुर, बिसनाखेड़ी, पिपरा, बर्धघटी, भैसां, बाढ से प्रभावित हुए है। इन ग्रामों के लोग आज भी डरे और सहमे हुए हैं जहां एक और उन्हें आगे की चिंता सता रही है वहीं उनके लिए जिले एवं अन्य जिलों के लोग भी मदद करने पहुंच रहे हैं। जिले के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाएं , व्यापारी वर्ग सभी कुछ ना कुछ जरूर लेकर आपदा प्रभावित हो तो उससे मिल रहे बाढ प्रभावितो के लिए विभिन्न गांवो प्रशासन के द्वारा नगर से भोजन के पैकेट बनाकर भेजे जा रहे हैं। निजी संस्थाओं चीन में लक्ष्मी स्वः सहायता का समूह सहजपुर के द्वारा दूध का वितरण , अंजनी परिसर तेंदूखेड़ा के द्वारा नाश्ता, कपड़ों साड़ियों का वितरण शनिवार को किया गया मध्य प्रदेश शासन के मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निर्देशन में उनके अनुज के सत्येंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सांसद प्रतिनिधि ठाकुर मूरत सिंह ,मंडल अध्यक्ष संत कुमार पाल, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश कुमार जैन, राजकुमार ठाकुर नरगुँवा, राहुल ठाकुर, सोनू पटेल, सौरव यादव, गुड्डू दुबे सहजपुर, गजराज यादव लगातार चार दिनों से बाढ़ प्रभावितों के लिए तत्पर खड़े हुए हैं जो लगातार लोगों को जाकर उनको सामग्रीया उपलब्ध करा रहे हैं। शासन एवं प्रशासन का भी संपूर्ण सहयोग इस व्यवस्था में मिल रहा है सरकारी कर्मचारियों अधिकारियों ने भी स्वयं के पैसे से बाढ़ पीड़ितों को सामग्रियां लगातार भेजी जा रही है ।आप सभी भी आगे आकर इस त्रासदी की घड़ी में इन ग्रामों में निवासी परिवार के परिजनों के भोजन एवं अन्य व्यवस्था में सहभागी बन सकते हैं। संपूर्ण व्यवस्था में एसडीम सौरभ गंधर्व एवं सीईओ जनपद मनीष बागरी द्वारा मॉनिटरिंग निरंतर की जा रही है जहां भी जरूरत पड़ेगी शासन प्रशासन एवं संकट के साथी इन प्रभावित गांव के लोगों के साथ खड़े हैं।

### आईएमए ने दी सामग्री

डॉक्टर एसोसियेंशन ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर 50 नये कंबल, 50 मच्छर दानी, 250 बिस्किट पेकेट, 200 रैनकोट व कपड़े दिये। प्रशासन ने सभी चिकित्सकों व आईएमए का आभार माना।

# हिण्डोरिया में लगातार तीसरा निः शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन नेत्र शिविर सम्पन्न



### हिण्डोरिया में हर महीने की 2 एवं 16 तारीखों में उक्त शिविर लगेंगे

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया**

सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर एवं द्वारकाधीश फाउंडेशन जबलपुर के संयुक्त संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय बस स्टैंड परिसर मे 02 अगस्त 2025 दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे से अपरांह 04 बजे तक एक दिवसीय निः शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।

इस सम्बन्ध में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. पवन यादव ने बताया कि शिविर में 60 मरीजों का नेत्र परिक्षण किया गया। शिविर में मोतियाबिंद, अक्सूर, नखूना नेत्र रोग से सम्बंधित 18 मरीजों को चिन्हित किया गया। इन मरीजों के उक्त नेत्र रोगों का उपचार आयुष्मान भारत योजना कार्ड के माध्यम से सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड अस्पताल जबलपुर मे निः शुल्क किया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि हिण्डोरिया मे अब हर माह की 02 तारीख एवं 16 तारीख को ये शिविर लगेंगे।शिविर मे भाग लेने वाले मरीज को अपने साथ आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड शिविर मे साथ लेकर आना होगा। जांच के दौरान जो भी मरीज पात्र होगा । उसे उसी दिन शिविर स्थल से सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड अस्पताल जबलपुर के लिये वाहन से उपचार के लिए ले जाया जाएगा। एवं वापिस भी छोडा.जायेगा। मरीज के भोजन, आवास एवं यात्रा की निः शुल्क व्यवस्था अस्पताल की रहेगी।

शिविर के आयोजक एवं सहयोगी पार्षद प्रतिनिधि शानु खान एवं म. प्र. एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने सभी वर्ग समुदाय के लोगों से हर हिण्डोरिया मे महीने की 02 एवं 16 तारीख मे आयोजित होने वाले निः शुल्क नेत्र शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# महिला मिलन समिति के सदस्यों ने एक पेड़ माँ के नाम रोपे पौधे



**हटा**। अग्रवाल समाज की महिलाएं सामाजिक सरोकारों के मामले में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभा रही है।इसी क्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर समाज की महिला मिलन समिति की महिलाओं ने महाराजा अग्रसेन पार्क में वृक्षारोपण किया।समाज की बुजुर्ग 85 वर्षीय श्रीमती कमला फौजदार की उपस्थिति में केला,नीबू, आम,बेल,अनार,सहित फूलों के पौधे रोपे एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया।समिति के सदस्यों ने तय किया कि साल भर पानी की उपलब्धता और पौधों की सुरक्षा वाले स्थानों पर सतत वृक्षारोपण किया जाएगा।समिति की अध्यक्ष श्रीमती मंजू प्रहलाद व्या ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सबसे पहले भगवान श्रीराम ने किया था पार्थिव शिवलिंग निर्माण



**बनवार**। सनातन धर्म में पार्थिव शिवलिंग निर्माण का बहुत पुण्यआत्मक विधान फलदाई माना गया है बम्होरी में एक दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्राभिषेक का किया गया पंडित ऋषिकांत गर्ग जी ने बताया कि वेदों पुराणों में त्रेतायुग में भगवान राम के द्वारा पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने का उल्लेख मिलता है. मान्यता है कि भगवान राम ने रावण से युद्ध करने से पहले पार्थिव शिवलिंग की विशेष पूजा की थी. इसी प्रकार भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले नर-नारायण ने भी पार्थिव शिवलिंग की पूजा किया करते थे. वहीं कलयुग में पार्थिव शिवलिंग की पूजा की शुरुआत महर्षि कूष्मांड ऋषि के पुत्र मंडप द्वारा प्रारंभ की जाने की मान्यता है श्रावण के महीने में गंगाधर कहलाने वाले भगवान शिव को कोई भक्त साकार रुप में पूजता है तो कोई उनके निराकार स्वरूप यानि शिवलिंग की पूजा करके पुण्य फल पाने का प्रयास करता है. तमाम तरह के पूजे जाने वाले शिवलिंग में पार्थिव शिवलिंग को अत्यंत ही शुभ और फलदायी माना गया है. मान्यता है कि पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने से व्यक्ति के सभी रोग.शोक और पाप दूर होते हैं और उसे सभी सिद्धियां प्राप्त होती हैं. यही कारण है कि क्या आम और क्या खास सभी श्रावण मास में पार्थिव पूजन करने का प्रयास करते हैं।

# कांवड़ यात्रा का उद्देश्य क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि - राज्यमंत्री

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा**



### राज्यमंत्री के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व में निकाली जा रही कांवड़ यात्रा

जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी के निर्देशन में एवं उनके अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व में कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन कांवड़ लेकर पैदल चल रहे हैं। कांवड़ यात्रा का आयोजन दिनांक 31 अगस्त 2025 को तिलवारा घाट जबलपुर से किया गया था। जो 121 किलोमीटर चलकर 3 अगस्त 2025 को बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर भगवान भोलेनाथ के दरबार पहुंचेगी। यात्रा के तृतीय दिवस शनिवार को जबेरा क्षेत्र में पहुंचने पर राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे,नितेन्द्र सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन सहित क्षेत्र वासियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि जबेरा विधानसभा सहित प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि एवं सुखमय जीवन के लिए इस यात्रा का आयोजन किया गया है जिसमें मेरे अनुज और उनके साथियों के द्वारा चार दिवसीय यात्रा निकाली गई है। प्रथम दिवस तिलवारा घाट से बोरिया तक, द्वितीय दिवस बोरिया से आनंद धाम जबेरा और तृतीय दिवस आनंद धाम से मझगुवा मानगढ़ तक यात्रा पूर्ण हुई है। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ से समस्त क्षेत्र वासियों के लिए सुखमय जीवन की कामना करता हूं। वही सत्येंद्र सिंह लोधी ने कहा कि प्रथम कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी साथ चल रहे हैं हमारे सहयोगी निरंतर ही कावड़ियों की सेवा में रहकर उनके ठहरने की व्यवस्था करते हैं बांदकपुर धाम पहुंचते ही समस्त कावड़ियों के साथ भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त कर सभी के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना करूंगा। कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।

# टाईम्स पब्लिक स्कूल में ग्रीन डे का आयोजन




**दमोह**। टाइम्स पब्लिक स्कूल में दिनांक 02 अगस्त को ग्रीन डे का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया । इसके माध्यम से बच्चों में न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है। बल्कि उन्हें प्रकृति से जुड़ने और उसकी रक्षा करने की प्रेरणा भी मिलती है। इसी को ध्यान में रखते हुए किंडर गार्टन के बच्चों का ग्रीन डे मनाया गया। जिसका मुख्य उददेश्य बच्चों को प्रकृति से जोड़ना और पर्यावरण के संरक्षण का महत्व समझाना था। बच्चे हरे रंग के सुंदर परिधानों में विद्यालय आये। कक्षा को हरे रंग की चीजों से सजाया गया। शिक्षकों ने बच्चों को हरे रंग के महत्व और पेडों की उपयोगिता के बारे में समझाया। छोटे बच्चों ने प्रकृति से संबंधित गीत व कविता सुनाई। कुछ बच्चों ने हरे रंग की वस्तु लाकर उनकी पहचान करवाई। बच्चों ने पत्तियों की छपाई हाथों की छपाई, और पेपर पेस्टिंग जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में किंडर गार्टन की समन्वयक श्रीमति सूर्या ठाकुर और समस्त शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# प्राणिक हीलिंग और ट्विन हार्ट मेडिटेशन पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



### शिक्षकों ने अनुभव की गहन शांति, सीखी आत्म-चिकित्सा की तकनीकें

**दमोह**। सेंट जॉन हायर सेकेंडरी स्कूल, दमोह में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों को प्राणिक हीलिंग और ट्विन हार्ट मेडिटेशन के महत्व और अभ्यास से अवगत कराया गया। यह कार्यशाला प्रोफेसर वर्षा जैन के मार्गदर्शन में आयोजित हुई, जिसे स्कूल की प्राचार्या एवं समस्त शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक अपनाया। प्रो. वर्षा जैन ने बताया कि प्राणिक हीलिंग एक नो-टच नेचुरल थेरेपी है, जो शरीर की आभा (नतं) और चक्रों को संतुलित कर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार लाने में सहायक होती है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को सही श्वसन तकनीक, प्राण ऊर्जा की जागृति, चक्र हीलिंग, ग्रैटिट्यूड और फॉरगिवनेस तकनीक की व्यवहारिक जानकारी दी गई। उन्होंने मास्टर चोआ कोक सूई द्वारा लिखित पुस्तक डवकमतद च्तंदपब भ्मंसपदह का उल्लेख करते हुए बताया कि इसमें प्राकृतिक रूप से हीलिंग के व्यावहारिक उपाय विस्तार से बताए गए हैं। प्रो. वर्षा जैन को इस सेवा कार्य के लिए प्रेरणा अपने दोनों परिवारों से मिली, विशेष रूप से उनके ससुर आर. पी. पटेल, जो एक्सीलेंस स्कूल के पूर्व प्राचार्य रहे हैं। गौरतलब है कि प्रो. वर्षा जैन के पास 10 वर्षों का फार्मेसी शिक्षण अनुभव है। वे टीसीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी, भोपाल में कार्यरत रही हैं। इसके अलावा उन्होंने ज्ढै मुंबई में फार्माकोविजिलेंस साइंटिस्ट, कॉग्निजेंट पुणे में सीनियर ड्रग सेफ्टी एसोसिएट तथा पुणे में रिसर्च असिस्टेंट के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों ने गहन शांति का अनुभव किया और इस अभ्यास को जीवन में अपनाने की प्रेरणा ली। विद्यालय प्रबंधन ने प्रो. वर्षा का आभार जताया और इस तरह की और भी सत्र आयोजित करने की इच्छा जताई।

# भगवान कार्तिकेय ने किया था तारकासुर नामक राक्षस का वध - पं रवि शास्त्री

**दमोह**। स्थानीय सिविल वार्ड 7 स्टेडियम के पास चल रहे। श्री शिव महापुराण कथा के सातवें दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि कैलाश पर्वत पर भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र कार्तिकेय का जन्म हुआ वह तेजस्वी बुद्धिमान और अजेय योद्धा थे परंतु जब वे बालक थे तब भी उनके भीतर एक खास तरह की करुणा और मित्रता की भावना थी जब देवताओं को राक्षस तारकासुर से भय लगने लगा तो शिव ने कहा केवल मेरा पुत्र कार्तिकेय ही इस दैत्य का अंत कर सकता है परंतु एक बालक को युद्ध में जाना था माता पार्वती चिंतित थीं इतनी दूर और इतनी कठिन यात्रा कौन इसकी रक्षा करेगा उसी समय आकाश से एक दिव्य मयूर प्रकट हुआ उसकी पूंछ में इंद्रधनुष था पंखों में आकाश की शांति और आँखों में प्रेम वह बोला माता मैं भगवान कार्तिकेय का वाहन बनकर उनकी सेवा करूंगा मैं उनका मित्र रक्षक और सहयात्री बनूंगा इस तरह कार्तिकेय और मयूर का पवित्र रिश्ता बना न सिर्फ वाहन और देवता का, बल्कि एक सच्चे मित्र और विश्वासपात्र साथी का मयूर की पीठ पर सवार होकर कार्तिकेय ने सातों दिशाओं की यात्रा की। वह आकाश की ऊँचाइयों से होते हुए जंगलों पर्वतों और समुद्रों को पार करते गए रास्ते में उन्होंने सिर्फ राक्षसों से ही नहीं बल्कि डर क्रोध और अहंकार जैसे आंतरिक शत्रुओं से भी लड़ना सीखा और अंत में उन्होंने तारकासुर को परास्त किया परंतु क्रोध से नहीं बल्कि धर्म और विवेक से देवताओं ने जयघोष किया जय स्कंद जय कुमार जय कार्तिकेय भगवान कार्तिकेय ने तब अपने मयूर के गले से लगकर कहा तू मेरा वाहन नहीं मेरा सबसे प्रिय मित्र है यह कथा सिर्फ शौर्य की नहीं बल्कि मित्रता कर्तव्य और साहस की भी है भगवान कार्तिकेय और उनका मयूर हमें सिखाते हैं कि हर योद्धा को एक ऐसा साथी चाहिए जो बिना बोले उसका साथ निभाए भगवान कार्तिकेय जिन्हें मुरुगन के नाम से भी जाना जाता है भगवान शिव और पार्वती के पुत्र हैं देवताओं को तारकासुर से बचाने के लिए उनका जन्म और कृतिकाओं द्वारा उनका पालन-पोषण शामिल है एक शक्तिशाली राक्षस तारकासुर ने देवताओं को आतंकित कर रखा था उसने ब्रह्मा से वरदान मांगा था कि उसे केवल शिव के पुत्र द्वारा ही मारा जा सके तारकासुर के आतंक से मुक्ति पाने के लिए देवताओं ने शिव और पार्वती के विवाह का आयोजन किया हालांकि शिव तपस्या में लीन थे और पार्वती भी सती के देहावसान से दुखी थीं विभिन्न प्रयासों के बाद शिव और पार्वती का विवाह हुआ लेकिन फिर भी तारकासुर का वध करने के लिए कोई संतान नहीं हो रही थी तब शिव के तेज से छह चिंगारियाँ निकलीं जो कृतिकाओं छह देवियों द्वारा ग्रहण की गईं कृतिकाओं द्वारा पालन पोषण कृतिकाओं ने इन चिंगारियों को अपने गर्भ में धारण किया लेकिन शिव के तेज के कारण उन्हें असहनीय पीड़ा होने लगी उन्होंने इन भ्रूणों को गंगा नदी में प्रवाहित कर दिया जहां वे छह बालकों के रूप में विकसित हुए पार्वती ने इन छह बालकों को एक साथ लाया और उन्हें एक रूप में एकीकृत कर दिया जिससे छह सिर वाले कार्तिकेय का जन्म हुआ। कार्तिकेय ने बाद में तारकासुर का वध किया और देवताओं के सेनापति बने।

# संगम सेवालय द्वारा स्कूल में विद्यार्थियों को शिक्षा किट एवं छाता वितरण

**छतरपुर।**

आज संगम सेवालय के द्वारा द्वारा आज एक सराहनीय पहल करते हुए छतरपुर के किशोर सागर तालाब के पास स्थित कलरिया कुआ स्कूल में अध्ययनरत बच्चों को शिक्षा किट एवं बरसाती छाते वितरित किए गए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह था कि वर्षा ऋतु में भी बच्चे बिना किसी बाधा के नियमित रूप से स्कूल आएं तथा उन्हें पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री की कोई कमी न हो। वितरित की गई शिक्षा किट में बैग, बोतल, टिफिन, कैंपस, पेन, पेंसिल, रबर, कटर, स्केच कलर, वॉटर कलर, कॉपी एवं कलर बुक शामिल थे। बच्चों को जब ये किट भेंट की गई । जैसे ही बच्चों ने शिक्षा किट और छाते प्राप्त किए, उनके चेहरों पर मुस्कान दौड़ गई और पूरे स्कूल परिसर में उत्साह का माहौल बन गया। किट पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी छा गई, जो संस्था की इस पहल की सफलता का प्रमाण था। बच्चों ने उत्साहपूर्वक इन सामग्री को प्राप्त किया और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस पुनीत अवसर पर संस्था के पदाधिकारी एवं समाजसेवी विपिन अवस्थी अंजू अवस्थी शंकर लाल सोनी दीपु चतुर्वेदी लाल चंद लालवानी प्रकाश जैन दिनेश सोनी एवं विवेक तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथियों एवं विशिष्टजनों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंजू अवस्थी ने कहा आज का यह प्रयास वास्तव में बच्चों के जीवन में उम्मीद की एक नई किरण है। यदि हर संस्था ऐसे कार्य करे तो शिक्षा की पहुँच समाज के हर कोने तक संभव हो सकेगी। प्रकाश जैन ने कहा हमारे समाज का भविष्य इन बच्चों में बसता है। संगम सेवाालय द्वारा किया गया यह कार्य प्रेरणादायक है। शंकरलाल सोनी जी ने कहा, हम सभी को ऐसे नेक कार्यों से जुडऩा चाहिए, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

**खबर संक्षेप**

### कल निकाली जाएगी जय हिंदू कावड़ यात्रा

हटा। उपकाशी नगरी में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जय हिंदू राष्ट्र कावड़ यात्रा मित्र मंडली के तत्वाधान में11वीं कावड़ यात्रा निकाली जा रही है।जो सावन के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को सुबह 6:00 बजे कमला नेहरू वार्ड में स्थित शंकर जी का चबूतरा मां विंध्यवासिनी मंदिर से आरंभ होकर सुनार नदी के तट पर स्थित प्राचीन भूतेश्वर मंदिर से जल भरकर पुनः शंकर जी का चबूतरा पहुंचकर कावड़ यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बांदकपुर जागेश्वर नाथ की ओर प्रस्थान करेगी।

### नर्मदा जल भरकर सोमवार को बांदकपुर पहुंचेगे कावड़िया

**तेंदूखेड़ा।** सावन की चौथी सोमवार को नर्मदा जल भरकर भेड़ाघाट से नंगे पैर कावड़ लेकर चल रहे कावड़िया जागेश्वर नाथ को जल अर्पित करने बांदकपुर पहुंचेंगे लगभग 120 किलोमीटर की यात्रा करके प्रत्येक वर्ष सावन माह में लाखों कावड़िया कावड़ यात्रा लेकर निकलते हैं। जिनका जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत कर उनके जलपान ठहरने की व्यवस्था क्षेत्र वासियों द्वारा अलग-अलग जगह पर की जाती है। शुक्रवार की रात्रि अनेक कावड़ियों ने नगर में बिताने के बाद शनिवार की कल सुबह यहां से प्रस्थान किया। नगर तेंदूखेड़ा से कावड़ यात्री अलग-अलग जत्थे में निकले बम बम भोले का जयकारा लगाते हुए कावड़ यात्री कंधे पर कावड़ लेकर चल रहे थे जिनकी वेशभूषा भी एक सी थी।

### 740.6 मि.मी. वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 740.6 मि.मी. अर्थात 29.1 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 371.0 मि.मी. अर्थात 10.7 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 469.6 मि.मी. अर्थात 18.4 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा जबेरा में 855.0 मि.मी. दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है। भू-अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 801.0 मि.मी., हटा 729.1 मि.मी., जबेरा में 855.0 मि.मी. पथरिया 802.0 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 709.6 मि.मी, बटियागढ़ 633.0 मि.मी. तथा पटेरा में 655.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 3.4 मि.मी. अर्थात 0.1 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 11.0 मि.मी., पथरिया 4.0 मि.मी., पटेरा में 9.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

ग्रामीणों ने चंदा एकत्रित कर खरीदा था मृत बकरा, 13 दिन में ब्यारमा नदी में पकड़े गये चार मगरमच्छ

# बकरे की लालच में कनिया घाट से पकड़ा गया चौथा मगरमच्छ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



दमोह वन परिक्षेत्र के कनिया घाट पटी गांव से निकली ब्यारमा नदी से वन विभाग ने शनिवार सुबह चौथा मगरमच्छ पकड़ लिया है यह 13 दिनों के अंदर चौथा मगरमच्छ पकड़ा गया 11 जुलाई को कनिया घाट पटी में जल भरने गई महिला को मगरमच्छ नदी के पानी में खींच ले गया था जिसके एक घंटे बाद मालती पति मेघराज सिंह लोधी का शव नदी की झाड़ियों से बरामद किया गया जिसके बाद वन विभाग द्वारा नदी घाट पर पिंजरे रखे गए थे जिसके चलते 21, 25, और 29 जुलाई सहित आज 2 अगस्त की सुबह मृत बकरे के लालच में पिंजरे के अंदर घुसा 7 फीट का चौथा मगरमच्छ 13 दिनों के अंदर पकड़ा गया गांव के लोग नदी घाट में मगरमच्छों के आतंक से इतने परेशान हो चुके है कि इसी नदी घाट में लोग चाहते वह मगरमच्छ जरूर पकड़ा जाए जिसे महिला की जान ली थी और इसलिए गांव के लोग पिंजरे में रखे जाने वाले शिकार को खरीदने के लिए खुद ही चंदा करते हैं। इस चौथे मगरमच्छ को पकड़ने के लिए भी गांव के लोगों ने चंदा कर एक मृत बकरे को खरीदकर वन विभाग को दिया था, जिसे वन विभाग ने शिकार के रूप में पिंजरे में रखा था और यह मगरमच्छ उस बकरे के शिकार लालच में फंस गया।

वन विभाग ने इन मगरमच्छों को पकड़ने के लिए उन नदी घाटों के किनारे किनारे कई जगह पिंजरे लगाए गए जहां लोगों का अधिक आना जाना रहता है ताकि जनहानि भी न हो और वन्य जीव जलचर को भी सुरक्षित पकड़ा जा सके इन पिंजरों में बकरा रख दिया जाता है और मृत बकरे की गंध सूंघकर लालच में शिकार करने जैसे ही मगरमच्छ पिंजरे में घुसते है और फंस जाते है।

ग्रामीण जाहर सिंह ने बताया कि सुबह वो शिव जी को जल चढ़ाने नदी घाट किनारे गया था, तभी उसने देखा कि पिंजरे में मगरमच्छ फंसा हुआ है। इसके बाद उसने आकर गांव में बताया और फिर वन विभाग के लोगों को इसकी सूचना दी। और विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मगरमच्छ का पिंजरा ग्रामीणों कीमदद से नदी घाट तट से ऊपर लाया गया और वाहन में रखकर दमोह ले जाया गया है जहां से राष्ट्रीय उद्यान वन विहार भोपाल भेजा गया है बीते दो-तीन सालों में ब्यारमा नदी में अचानक ही मगरमच्छ की संख्या में बढ़ोतरी हुई है अकेले कनिया घाट पटी गूढ़ा हटरी ब्यारमा नदी के एक से दो किमी क्षेत्र में मगरमच्छ की संख्या दर्जनों में और अब यह मगरमच्छ लोगों पर हमलावर हो गए है।

आपको याद होगा 11 जुलाई को कनिया घाट पटी गांव में ब्यारमा नदी किनारे जल भरने गई मालती बाई पति मेघराज 40वर्ष को मगरमच्छ अपने जबड़े में फंसा कर ले गया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। करीब 1 घंटे के बाद रेस्क्यू टीम को शव मिला था। बीते साल वर्ष 2024 की 23 जुलाई में हटरी गांव में नदी किनारे से ही एक 8 साल के कृष्ण पिता अर्जन सिंह पर भी मगरमच्छ इसी तरह दबोच कर ले गया था और उसकी भी मौत हो गई थी। 15 जुलाई को तेंदूखेड़ा ब्लॉक के झलौन गांव में धान का रोपा लगा रही महिला संतोषरानी को मगरमच्छ दबोच कर पानी में ले गया बेटे ने पानी में कूदकर अपनी की जान बचाई थी।

रेंजर विक्रम चौधरी का कहना है महिला पर हमला करने वाला मारगमछ यही है, यह कहना संभव नहीं है क्योंकि जलचर मगरमच्छ की कोई पहचान नहीं होती और अभी तक कोई गणना भी नहीं की गई है कि जिससे यह अनुमान लगाना भी मुश्किल है कि नदी में कितने मगरमच्छ हो सकते है पकड़े गए मगरमच्छ को राष्ट्रीय उद्यान वन विहार भोपाल भेजा जा रहा है।

## विद्यालय में 12 वर्षीय छात्रा को सर्प ने डसा





**बनवार।** लरगुवा के एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में उस समय हड़कंप मच गया जब एक छात्रा को रैंप रेलिंग पाइप में छुपे सर्प ने डस लिया। 12 वर्षीय रचना को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है और अब वह आईसीयू में भर्ती है। विद्यालय स्टाफ की तत्परता से छात्रा जान बच गई। बनवार संकुल केंद्र की एकीकृत माध्यमिक विद्यालय लरगुवा में रैंप रेलिंग पाइप में छुपा बैठा एक सर्प ने खेलते समय पाइप में हांथ डालते ही कक्षा सातवीं की छात्रा रचना पिता सूरज सिंह लोधी उम्र 12 वर्ष निवासी लरगुवा को डस लिया जैसे ही विद्यालय स्टाफ को छात्रा के चीखने की आवाज सुनाई दी। हड़कंप मच गया जिसकी सूचना परिजनों को दी गई। विद्यालय स्टाफ में तत्काल ही छात्रा इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना लगते ही बीआरसी प्रवेंद्र वैध जिला अस्पताल पहुंचकर छात्र के उपचार की जानकारी ली छात्र आईसीयू रूम में भर्ती है छात्र की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। बीआरसी प्रवेंद्र वैध ने बताया एकीकृत माध्यमिक विद्यालय लरगुवा मैं अध्यनरत कक्षा सातवीं की छात्रा खेलते वक्त रैंप की रेलिंग में लगे पाइप मैं जैसे ही हाथ डाला पाइप के अंदर बैठा सर्प ने काट दिया था। छात्र को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है छात्र की स्थिति खतरे से बाहर है आईसीयू रूम में भर्ती है चिंता की कोई बात नहीं है।

## मैनिट टीम ने हॉट स्पॉट और ब्लैक स्पॉट का लिया जायजा



**दमोह।** जिले में जो दुर्घटनाएं हुई है उस संदर्भ में जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा मैनिट भोपाल को पत्र लिखा गया था दमोह और उसके आसपास के क्षेत्रों में काफी दुर्घटनाएं हो रही है उनको कैसे रोका जाय, क्या किया जाए इसी संदर्भ में आज फिर हमने टीम के साथ आज भ्रमण किया है। उक्ताशय की जानकारी मैनिट भोपाल के एच.ओ.डी अनुज जायसवाल ने दी। उन्होने बताया आज हमारे द्वारा 08 लोकेशन पर भ्रमण किया गया है एक्सीडेंट हो रहे हैं उनके क्या कारण है भ्रमण कर देखा गया है कल बाकी लोकेशन पर टीम द्वारा जाकर देखा जाएगा, हम यह देख रहे हैं क्या कारण है जिसकी वजह से एक्सीडेंट हो रहे हैं क्या कमियां हैं ऑब्जर्व कर रहे हैं इसका एनालिसिस करके एक रिपोर्ट जिला कलेक्टर को सौंपी जाएगी, क्या-क्या सेफ्टी रखनी चाहिए आदि रिपोर्ट दी जाएगी ताकि एक्सीडेंट ना हो या न्यून हो जिसमें ज्यादा जनहानि भी ना हो क्योंकि प्रदेश में दमोह में काफी एक्सीडेंट हो रहे है हमारा प्रयास है कि 2 माह के भीतर जिला प्रशासन को हम रिपोर्ट सौंप दें। उन्होने बताया दो हॉट स्पॉट मारा तिराहा और महादेव घाट पुल एवं 06 ब्लैक स्पॉट इमलाई फैक्ट्री, समन्ना तिराहा, बिदारी घाटी, नया तालाब जबेरा, सतघटिया घाटी, फल्को नाला कुल 08 स्पॉट का विशेष ऑडिट किया गया है।

## गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई

**दमोह।** तुलसी साहित्य अकादमी के तत्वाधान में गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई गई स्थानीय श्री देव रामकुमार हनुमानगढ़ी मंदिर के दरबार में गोस्वामी तुलसीदास काव्यांजलि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता पी एल शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार प्रखर वक्ता नरेंद्र दुबे ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडित राम कुमार दुबे की। अतिथियों द्वारा भगवान श्री राम हनुमंत लाल सरकार और तुलसी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया सरस्वती वंदना के कमलेश शुक्ला ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में अतिथियों का तुलसी साहित्य अकादमी द्वारा पुष्पों से स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में नरेंद्र दुबे ने अपने उद्बोधन में तुलसी को कॉल विजय कहा उन्होंने लिख रामायण राम जी की महिमा का गुणानुपात संपूर्ण भारत में राम भक्त की एक मिसाल पेश की। तुलसीदास जी के पर प्रकाश डाला और सभी साहित्यकारों को कहा है कि अपनी रचना ऐसी रखें जो रचना अमर हो जाए कल बजे ही बने तो कुछ सॉन्ग तुलसीदास जी को भी किसी की संख्या में हमारी याद करते हैं और उनके चरणों में अपनी श्रद्धांजलि करते हैं काव्य गोष्ठी का आगाज सरस्वती वंदना के उपरांत श्रीमती कमलेश मिश्रा ने शरीर से प्रेम करते हो संगीता पांडे ने तुलसीदास जी के दोहे प्रस्तुत किए पदमा तिवारी राम नाम है सबका सहारा श्रीमती चंद्र नेम ने जो बिगड़ी कहां गए राम हमारे प नंदकिशोर पाठक ने तुलसी के पद का कर हुआ है वाही लूटी ऋषिकांत उपाध्याय ने भवसागर पर पार्वती ही रामचंद्र सन्यासी जी ने ताम्रकार गणेश राय जितेंद्र राजपति बीएमडब्ल्यू बबीता चौबे उत्कृष्ट रचना पाठ कर मन मोह लिया मां संचालन पं नरेंद्र अ जरिया ने किया आभार संस्था क अध्यक्ष श्रीमती विमला तिवारी करे।





## तेजगढ़ के तैराक संभाग प्रतियोगिता में होंगे शामिल

### तैराकी प्रतियोगिता मैं तेजगढ़ का दबदबा





**तेजगढ़।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय शालेय तैराकी चयन प्रतियोगिता डीपीएस स्कूल दमोह में आयोजित हुई थी जिसमें ज़िले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था । जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेजगढ़ के 10 खिलाड़ियों ने बेहतर खेल कौशल का प्रदर्शन कर जिले की टीम में स्थान बनाया ! चयनित हुए खिलाड़ियों मैं आशीष रैकवार 200 मीटर फ्रीस्टाइल , धर्मेंद्र यादव 400 फ्रीस्टाईल, महेंद्र सिंह 100 मीटर फ्रीस्टाइल , सुमत सींग 100 मीटर फ्रीस्टाइल , और वाटरपोलो मैं विकेश सिंह , ज़ालम सिंह , अँसार ख़ान , सौरभ सींग आदि खिलाड़ियों का चयन जिले की टीम में चयन हुआ । जो अगस्त माह मैं संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता सागर में भाग लेगे। सभी चयनित खिलाड़ियों को धर्मेंद्र सिंह लोधी म.प्र.शासन मंत्री , नितेंद्र सिंह (संरक्षक खेलो विधानसभा जबेरा) सत्येंद्र सिंह , नीतेश पांडेय (बी.ई.ओ.) , विवेकदत्त शर्मा (डी.एस.ओ.) पी.एल. सर (बी.आर. सी.) अनरत सिंह प्राचार्य, एन. एस. राजपूत , हरीसींग यादव (बी.डी.सी.), संतोष प्रधान , बारी बाई धुर्वे , मनोहर इनवाती , शोएब पठान , मयंक विश्वकर्मा ,रामेश्वर सर आदि ने शुभकामनाएँ दीं और उज्वल भविष्य की कामना की।

## गैसाबाद पुल पर छोटे वाहनों की अनुमति हेतू सौंपा ज्ञापन



**गैसाबाद।** विगत 29 जुलाई शाम 6: बजे अचानक ही दमोह पन्ना राजमार्ग ब्यारमा नदी पर बने पुल को क्षतिग्रस्त होने के कारण बंद किए जाने की खबर सुनकर लोग अचंभित हो गए एकदम पुल बंद होने से लोगों को असुविधा होना स्वाभाविक बात है। पुल से बड़े वाहनों के साथ-साथ छोटे वाहन टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर कारों को भी निकलने से प्रतिबंधित कर पुल को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया जिससे आसपास के लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर गैसाबाद जिला पंचायत क्षेत्र के पूर्व सदस्य रणधीर दहिया के नेतृत्व में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से चर्चा कर एक ज्ञापन सोपा गया जिसमें उल्लेख किया गया कि दमोह पन्ना राजमार्ग अचानक बंद हो जाने से क्षेत्र वासियों को आवागमन में आसुविधा हो रही है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई की पुल पर से छोटे वाहन टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर छोटी गाड़ियों को निकालने की अनुमति प्रदान की जाए ताकि ग्रामीण जनों को कुछ सहूलियत प्राप्त हो सके, इस समस्या को कलेक्टर महोदय ने संज्ञान में लेते हुए तत्काल एसडीएम रावत जी को MPRDC सागर को तुरंत जांच हेतु पत्र लिखने को कहा इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर दहिया हटा जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल की उपस्थिति रही, गौरतलब है कि कल 1 अगस्त को भी गैसाबाद के लोगों ने हटा तहसीलदार को ज्ञापन सौपकर पुल पर छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू किए जाने की मांग की थी,ज्ञात हो की सावन के त्यौहार के चलते लोगों का आना जाना बड़ी संख्या में हो रहा है ऐसे समय पर पुल बंद होने से लोगों के आवागमन पर गहरा असर पड रहा है वही डाक पार्सल एवं अखबार न्यूज़ पेपर गांव- नहीं पहुंच पा रहे हैं जिससे आसुविधा हो रही है।

### ज्ञापन पुल क्षतिग्रस्त, नया पुल बनेगा तब तक अथाई डायवर्स मार्ग बनेगा

**दमोह।** 28 से 29 जुलाई 2025 के बीच हुई अतिवृष्टि के कारण जबलपुर से रहली मार्ग के ग्राम झापन मे ब्यारमा नदी पर स्थित जलमग्नीय पुल क्षतिग्रस्त हो गया है एवं उसमे से यातायात बंद हो गया है। म.प्र. सड़क विकास निगम लिमिटेड सागर के जी.एम. ने जानकारी देते हुए कहा इस पुल के स्थान पर नवीन उच्च स्तरीय पुल बनाने की कार्यवाही की जाएगी एवं उक्त प्रस्तावित पुल के तैयार होने तक जनसुविधा हेतु अस्थाई डायवर्सन मार्ग के निर्माण की कार्यवाही भी की जाएगी। विभाग द्वारा इस विषय मे प्राथमिकता के अनुसार कार्यवाही प्रचलन मे है। शीघ्र ही नदी मे से जलस्तर कम होने पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा ।

## पंचायत मंत्री ने भोलेनाथ का किया पूजन-अर्चन



**दमोह।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का जागेश्वरधाम बांदकपुर मंदिर में विशेष आगमन हुआ। उन्होंने भगवान श्री जागेश्वरनाथ जी का पंचामृत पूजन कर पुण्य लाभ लिया। इसके पश्चात मंत्री ने श्री गोवर्धन पर्वत (धेनुवन) में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता की और बेलपत्र का पौधा लगाकर श्रद्धालुओं को प्रकृति संरक्षण का प्रेरक संदेश दिया। मंत्री श्री पटेल ने कहा बेलपत्र का पौधा शिव का प्रिय है, और इसे लगाना केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि शिव की आराधना और धरती के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी का प्रतीक है। जब धर्म, प्रकृति और समाज एक साथ चलें कृ तभी सच्चा कल्याण संभव है।

## सेवाभाव में समर्पित रहा मोक्ष सप्तमी का पर्व



**दमोह।** जब आध्यात्मिक चेतना सामाजिक करुणा से जुड़ जाए, तब धर्म केवल आराधना नहीं रहता, वह सेवा बनकर समाज की धड़कनों में उतर आता है। मोक्ष सप्तमी का पावन अवसर इसका साक्षात उदाहरण बना, जब जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह ने भगवान 1008 पार्श्वनाथ के निर्वाण महोत्सव को आत्मकल्याण के साथ-साथ परहित की भावना से मनाते हुए एक अद्भुत सेवा यज्ञ का आयोजन किया। श्री दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में प्रातः भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक, पूजन व महामंगल आरती श्रद्धा एवं भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। निर्वाण लाडू अर्पित करते समय जैसे मंदिर प्रांगण में स्वयं सिद्ध क्षेत्र की पवित्रता की अनुभूति हो रही थी, और श्रद्धालुओं की नम आँखें आत्मशुद्धि और मुक्तिपथ के भावों से सराबोर थीं। इस वर्ष जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा ने धर्म को केवल पूजा तक सीमित न रखते हुए उसे पीड़ित मानवता की सेवा का माध्यम बनाया। कोसंदा (तहसील तारादेही) के बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों के लिए ₹51,000/- की राहत राशि के साथ लगभग 151 खाद्य सामग्री के पैकेट – जिनमें आटा, दाल, तेल, चावल, नमक-मसाले एवं जरूरतमंदों के लिए वस्त्र शामिल थे – गांव में स्वयं जाकर वितरित किए गए। इस भाव से प्रेरित होकर क्षेत्र क्रमांक 10 के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलेश चौधरी ने कहा: भगवान पार्श्वनाथ करुणा, क्षमा और अहिंसा के प्रतीक हैं। उनका निर्वाण केवल आध्यात्मिक मुक्ति नहीं, बल्कि जीवमात्र के दुःख की अनुभूति करने की प्रेरणा भी है।

### गौरीशंकर मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा

**हटा।** उपकाशी नगरी में विराजमान दूल्हा वेशधारी भगवान गौरीशंकर के मंदिर में श्रावण मास में कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी परिवार द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा के छठवें दिवस कथाव्यास पंडित वीरेंद्र शास्त्री जी महाराज ने कहा कि इस संसार में अगर कोई सच्चा और समर्पित परिवार है तो वह भगवान शिव का परिवार है, भगवान शंकर के पूरे परिवार का पूजन हो रहा है लेकिन बाकी के देवताओं के वंशज को देखेंगे तो उनके पूजन को कम हीं देख पाएंगे। शास्त्र कहता है कि शिव जी ने अपने पूरे परिवार की परवाह करी जो जगत में अपने परिवार की परवाह करता है वह संसार में पूज्यमान हो जाता है। उन्होंने श्रोताओं से कहा कि शिव का परिवार ही संपूर्ण ब्रह्मांड को एक सूत्र में बांधने वाला उदाहरण है। जहा एक ओर गणेशजी बुद्धि के प्रतीक है, वहीं कार्तिकेय वीरता के, माता पार्वती शक्ति की देवी है और स्वयं शिव त्याग व कल्याण के देवता हैं। शास्त्री जी ने कथा में आगे कहा कि जगत में केवल एक माता-बहन ही ऐसी होती जो अपने लिए कुछ नहीं मांगती अपने परिवार की खुशी ही मांगती है। स्त्री और पुरुष के मंदिर जाने में अंतर है। पुरुष मंदिर जाए तो वह स्वयं के व्यापार, व्यवसाय और अपनी उन्नति मांगता है। लेकिन स्त्री जब मंदिर जाती है तो वह केवल परिवार और हर सदस्य के लिए वर मांगती है। सारे व्रत माताएं अपने पति, बच्चे, और परिवार के लिए सबके लिए वह व्रत रखती है, लेकिन स्वयं के लिए कभी नहीं। शिवजी ऐसे हैं कि स्त्री यदि स्वयं के लिए कुछ न मांगे लेकिन प्रभु उसे सब कुछ देते हैं। कथा के अंत में महाराज ने भगवान गणेश कार्तिकेय की कथा का बड़ा ही सुंदर वर्णन श्रोताओं को सुनाया जिससे उपस्थित भक्तजन मंत्रमुग्ध हो गए।

## पर्यटप प्रतियोगिता में जबेरा ने पाया प्रथम स्थान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

स्कूल शिक्षा विभाग एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित की जा रही एमपी टूरिज्म कांप्टीशन प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय जबेरा के छात्रों ने अभूतपूर्व सफलता अर्जित करते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर संपूर्ण जिले को गौरवान्वित किया है। एमपी टूरिज्म कांप्टीशन प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय जबेरा के छात्र सत्यम साहू, पूजा शर्मा, आराध्या राय ने मार्गदर्शक शिक्षक माखनलाल साहू के कुशल मार्गदर्शन में भाग लेकर प्रतियोगिता के दौरान दस राउंड में पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देकर सर्वाधिक 275 अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम पूरे जिले में रोशन किया है। सांदीपनि विद्यालय जबेरा की टीम अब राज्य स्तर पर प्रदर्शन करेगी एवं आने वाले समय में शासन की ओर से दो रात तीन दिन के टूर पर भी जाएगी। सांदीपनि विद्यालय जबेरा की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय प्राचार्य संजय बाजपेई एवं उपप्राचार्य अजय सिंघई ने कहा कि हर कंप्टीशन एवं प्रतियोगिता में कुशल रणनीति और मार्गदर्शन के साथ छात्रों की तैयारीयां कराई गई थी जिसके परिणाम स्वरुप हमारे विद्यालय को जिले में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है जिसके लिए सभी छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि सभी छात्र इसी तरह लगन से मेहनत करते हुए अपने विद्यालय और अपने ग्राम का नाम रोशन करें। विद्यालय की सफलता पर शिक्षक उमेश शर्मा, पप्पू राय, रामकिशोर शर्मा, मुकेश नामदेव, विनोद पटेल, विवेक जैन, प्रमोद अहिरवार, मुन्नी ठाकुर, दीप्ति कोस्टा, दुर्गा पटेल, रिंकी साहू, अंजली सोनी, सुखनंदन साहू, शालिनी अठया, विभा तिवारी, शुभम यादव, महेश साहू, सुनील बाजपेई आदि शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।